**Series : 2EHFG**

**SET ~ 3**

**प्रश्न-पत्र कोड 4/2/3**

**रोल नं.**

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

**नोट :**

(I) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं ।

(II) प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।

(III) कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **16** प्रश्न हैं ।

(IV) **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में यथा स्थान पर प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**

(V) इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

#

# हिन्दी (ब)
# HINDI (B)

*निर्धारित समय : **3** घण्टे* *अधिकतम अंक : **80***

***सामान्य निर्देश :***

*निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका सख़्ती से अनुपालन कीजिए :*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल **16** प्रश्न हैं । **सभी** प्रश्न **अनिवार्य** हैं ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल चार खण्ड हैं – **क**, **ख**, **ग** और **घ** ।*

*(iii)* ***खण्ड क** में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए ।*

*(iv)* ***खण्ड ख** में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।*

*(v)* ***खण्ड ग** पाठ्य-पुस्तक पर आधारित है, निर्देशानुसार उत्तर दीजिए ।*

*(vi)* ***खण्ड घ** रचनात्मक लेखन पर आधारित है, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।*

*(vii)* *यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए ।*



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

## खण्ड क

## (अपठित बोध)

**1.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर लिखिए : *7*

गाँधीजी ने संसार को जो संदेश दिया था, वह सर्वोदय का संदेश था। उस संदेश की जितनी पहले आवश्यकता थी, उतनी ही आज भी है। गाँधीजी ने अपने जीवन-काल में न केवल वाणी और लेखनी द्वारा, बल्कि अपने आचरण द्वारा भी उस महान संदेश का प्रचार किया था।

गाँधीजी ने इस पर ख़ूब जोर दिया था कि किसी अच्छे उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए अशुद्ध साधनों का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने हमें सिखाया था कि अशुद्ध साधनों द्वारा उत्तम उद्देश्य हासिल नहीं किया जा सकता। यही कारण था कि उन्होंने देश की स्वतंत्रता के श्रेष्ठ लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हिंसात्मक और आतंकवादी कार्रवाइयों का त्याग करने और सत्य तथा अहिंसा का मार्ग अपनाने की सलाह दी है। इसका परिणाम हम अपनी आँखों से देख चुके हैं। व्यवहार में यह रास्ता ज्यादा सीधा और सरल साबित हुआ। कम-से-कम हानि उठाकर हमने अपनी स्वतंत्रता हासिल की और जो कल तक हमारे विरोधी थे, वही हमारे मित्र बन गए हैं। इसके विपरीत यूरोप के पिछले दो महायुद्धों के उदाहरण भी हमारे सामने हैं। इन महायुद्धों में जन-धन का भयंकर विनाश हुआ, वह तो हुआ ही; उन नैतिक मूल्यों का भी ह्रास हो गया, जिनके कारण मनुष्य मनुष्य कहलाने का अधिकारी होता है। वे समस्याएँ आज भी बनी हुई हैं जिन्हें हल करने के लिए महायुद्ध लड़े गए थे। अत: सर्वोदय सम्मेलन में साधनों की शुद्धता पर जो बल दिया गया है, वह सर्वथा उचित है।

(i) 'गाँधीजी ने अपने आचरण द्वारा भी उस महान संदेश का प्रचार किया था।' – पंक्ति में किस महान संदेश की ओर संकेत किया गया है ? *1*

- (A) सत्य और अहिंसा का संदेश
- (B) सर्वोदय का संदेश
- (C) शुभ आचरण का संदेश
- (D) नैतिक मूल्यों का संदेश

(ii) 'गाँधीजी के भौतिक रूप से हमारे बीच उपस्थित न रहने' – से क्या अभिप्राय है ? *1*

- (A) आत्मिक रूप से उपस्थित न होना
- (B) सैद्धांतिक रूप से उपस्थित न होना
- (C) प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित न होना
- (D) मानसिक रूप में उपस्थित न होना



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(iii) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए : *1*

*कथन* : सर्वोदय के संदेश की दुनिया को जितनी आवश्यकता पहले थी, उतनी ही आवश्यकता आज भी है।

*कारण* : समाज में विद्यमान समस्याओं के मूल रूप में पहले से अब तक विशेष अंतर नहीं आया है।

**विकल्प :**

(A) कथन ग़लत है, परन्तु कारण सही है।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं।

(C) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(D) कथन सही है, परन्तु कारण, कथन की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

(iv) देश की स्वतंत्रता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गाँधीजी ने किस मार्ग को अपनाने की सलाह दी और क्यों ? *2*

(v) स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए गाँधीजी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने के क्या परिणाम निकले ? *2*

**2.** निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर लिखिए : *7*

पीने के पानी की समस्या दिनोंदिन भयावह रूप लेती जा रही है। इसका मुख्य कारण पारंपरिक जल स्रोतों का लगातार सूखते जाना, ज़मीन के अंदर जल स्तर का नीचे जाना और जल स्रोतों का प्रदूषित होना है। यही कारण है कि जिस गति से जनसंख्या बढ़ रही है लोगों को पीने के पानी की कमी होती जा रही है और यह समस्या सिर्फ़ शहरों में ही नहीं बल्कि गाँवों में भी अपने पाँव पसार रही है।

नदियाँ और ज़मीन के भीतर का जमा जल ही मुख्य रूप से हमारे पारंपरिक जल स्रोत हैं। लेकिन बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण के कारण वैश्विक तापमान बढ़ने से पहाड़ों पर जमी बर्फ अब जल्दी पिघलने लगी है, जिससे नदियों में वर्षभर पानी नहीं आ पाता। बरसात की कमी या वर्षा जल का सही संरक्षण न हो पाने के कारण एक ओर ज़मीन उचित मात्रा में जल सोख नहीं पाती तो दूसरी ओर आधुनिक संयंत्रों से धरती और नदी के जल का अधिक दोहन होने लगा है। हर साल ज़मीन के नीचे जितना जल संचय नहीं होता उससे अधिक पानी खींच लिया जाता है। इस तरह सदियों से संचित जल का स्तर काफी नीचे चला गया है। सरकार अब वर्षा जल के संग्रहण के लिए लोगों को प्रोत्साहित कर रही है, जिसे 'जल-खेती' के नाम से जाना जाता है। वर्षा-जल संग्रहण, पारंपरिक जल स्रोतों के दोहन और जल प्रदूषण पर रोक लगाकर ही इसका समाधान किया जा सकता है।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(i) गद्यांश के आधार पर पीने के पानी की समस्या का भयावह रूप धारण करने का कारण ***नहीं*** है : *1*

(A) पारंपरिक जल स्रोतों का सूखते जाना

(B) भू-जल स्तर का निरंतर कम होना

(C) जल स्रोतों का दिनोंदिन प्रदूषित होना

(D) वैश्विक स्तर पर जलवायु में परिवर्तन होना

(ii) निम्नलिखित कथन और परिणाम को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए : *1*

*कथन* : संचित जल से अधिक भू-जल विभिन्न माध्यमों से निकाला जा रहा है।

*परिणाम* : भू-जल स्तर दिन प्रतिदिन नीचे जाता जा रहा है।

**विकल्प :**

(A) कथन सही है, लेकिन परिणाम ग़लत है।

(B) कथन और परिणाम दोनों सही हैं।

(C) कथन ग़लत है, लेकिन परिणाम सही है।

(D) कथन और परिणाम दोनों ग़लत हैं।

(iii) 'जल-खेती' से अभिप्राय है : *1*

(A) जल का संग्रहण (B) जल का संरक्षण

(C) जल के लिए खेती (D) जल में खेती

(iv) वैश्विक तापमान में वृद्धि का क्या दुष्प्रभाव देखने को मिल रहा है ? *2*

(v) धरती के जल स्तर में आने वाली गिरावट के कारणों की समीक्षा कीजिए। *2*

## खण्ड ख

## (व्यावहारिक व्याकरण)

**3.** निर्देशानुसार 'पदबंध' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(क) किसी भी वाक्य में क्रिया-पदबंध की पहचान कैसे होती है ?

(ख) 'महंत जी कंधे पर रामनामी लिखी चादर ओढ़ ठाकुरबाड़ी से चल पड़े' – वाक्य में से संज्ञा पदबंध चुनकर लिखिए।

(ग) 'मास्टर साहब की चमकती भूरी आँखों से तोतों को डर नहीं लगता था।' – वाक्य में से विशेषण पदबंध चुनकर लिखिए।

(घ) 'हरिहर काका ने बताया कि उन्हें खूब मारा-पीटा गया।' – वाक्य में से क्रिया पदबंध चुनकर लिखिए।

(ङ) 'हरिहर काका से जुड़ी खबर बिजली की तरह गाँव में फैल जाती थी।' – वाक्य में रेखांकित पदबंध का भेद बताते हुए कारण भी स्पष्ट कीजिए।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

4. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य रूपांतरण' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(क) 'सत्य के प्रति निष्ठा और आस्था चेखव की धरोहर है।' – रचना की दृष्टि से वाक्य-भेद लिखिए।

(ख) 'शैलेन्द्र के निजी जीवन की छाप ही उनकी फ़िल्म में झलकती है।' – मिश्र वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(ग) 'वह तलवार को अपनी तरफ खींचते हुए दूर तक पहुँच गया।' – संयुक्त वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

(घ) सरल वाक्य को संयुक्त वाक्य में किस प्रकार रूपांतरित किया जाता है ? उदाहरण सहित लिखिए।

(ङ) 'लोग तताँरा का स्मरण करते और वह भागा-भागा पहुँच जाता।' – सरल वाक्य में रूपांतरित कीजिए।

5. निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(क) 'वाल्मीकि द्वारा कृत रामायण में लव-कुश प्रसंग का उल्लेख मिलता है।' – वाक्य में रेखांकित पदों के स्थान पर एक समस्तपद और उसका भेद लिखिए।

(ख) 'पंजाब' पद का विग्रह करते हुए समास का नाम भी लिखिए।

(ग) 'गंगा-जमुना' पद किस समास का उदाहरण है और क्यों ?

(घ) कर्मधारय समास की विशेषता बताते हुए एक उदाहरण दीजिए।

(ङ) अव्ययीभाव समास की विशेषता बताते हुए एक उदाहरण दीजिए।

6. निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : *4×1=4*

(क) 'कभी-कभी गुल्ली-डंडे में भी अंधी चोट निशाना पड़ जाता है।' – वाक्य में से मुहावरा चुनकर उसका वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(ख) 'छोटी-सी बात को बढ़ा-चढ़ा कर कहना' – अर्थ को व्यक्त करने वाला मुहावरा लिखिए।

(ग) 'गाढ़ी कमाई' – मुहावरे का वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि उसका अर्थ स्पष्ट हो जाए।

(घ) क्रांतिकारियों ने अंग्रेज़ सरकार की ____________ कर रखा था। उपयुक्त मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।

(ङ) 'एड़ी चोटी का जोर लगाना' मुहावरे के अर्थ को व्यक्त करने वाला कोई अन्य मुहावरा लिखिए।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

## खण्ड ग

**(पाठ्य-पुस्तक)**

**7.** निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए : *5×1=5*

गिरि का गौरव गाकर झर-झर
मद में नस-नस उत्तेजित कर
मोती की लड़ियों-से सुन्दर
झरते हैं झाग भरे निर्झर !

गिरिवर के उर से उठ-उठ कर
उच्चाकांक्षाओं से तरुवर
हैं झाँक रहे नीरव नभ पर
अनिमेष, अटल, कुछ चिंता पर।

(i) झरने पर्वतों के यश का गुणगान क्यों कर रहे हैं ?

(A) प्रसन्नता अभिव्यक्त करने के लिए

(B) उनका आभार प्रकट करने के लिए

(C) पर्वतों की महानता दर्शाने के लिए

(D) जोश, उमंग, उत्साह प्रकट करने के लिए

(ii) 'मद में नस-नस उत्तेजित कर' – पंक्ति के संदर्भ में बताइए, किसकी नस-नस मद में उत्तेजित होने की बात कही जा रही है ?

(A) कवि की

(B) पर्वतों की

(C) झरनों की

(D) वृक्षों की

(iii) पर्वतों पर लगे वृक्ष किसे छूना चाहते हैं ?

(A) आकाश की ऊँचाई को

(B) पर्वतों की ऊँची चोटी को

(C) पर्वतों की गहराई को

(D) झरनों के सौंदर्य को



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(iv) पर्वत शिखरों पर लगे वृक्षों के विषय में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं ?

I. वृक्ष पर्वतों के हृदय में उठने वाली उच्चाकांक्षाओं के मूर्त रूप हैं।

II. वृक्ष साधकों की भाँति गंभीर चिंतन में लीन हैं।

III. वृक्ष अनहोनी की आशंका से आकाश की ओर झाँक रहे हैं।

IV. वृक्ष वर्षा की आशा से आकाश की ओर ताक रहे हैं।

**विकल्प :**

(A) केवल I (B) केवल III

(C) I और II दोनों (D) III और IV दोनों

(v) काव्यांश के संदर्भ में 'अनिमेष' शब्द का अर्थ निम्नलिखित में से ***नहीं*** है :

(A) एकटक (B) निरंतर

(C) स्थिर दृष्टि (D) निर्लिप्त

**8.** काव्य खंड पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) 'वाणी की मधुरता का प्रभाव सर्वव्यापक होता है।' – कबीर की साखी के माध्यम से इस कथन को सिद्ध कीजिए।

(ख) 'मीराबाई' के पद के आधार पर लिखिए कि अभीष्ट की प्राप्ति के लिए वह सेविका बनने के लिए भी क्यों तैयार है।

(ग) 'विनम्र होकर ही दूसरों के हृदय को जीता जा सकता है।' 'मनुष्यता' कविता से उदाहरण देते हुए इस कथन की पुष्टि कीजिए।

(घ) 'कर चले हम फ़िदा' कविता के आधार पर लिखिए कि युवावस्था की सार्थकता किसमें है और क्यों ?

**9.** निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : *5×1=5*

मेरे और उनके बीच में केवल दो साल का अंतर रह गया। जी में आया, भाई साहब को आड़े हाथों लूँ – 'आपकी वह घोर तपस्या कहाँ गई ? मुझे देखिए, मजे से खेलता भी रहा और दरजे में अव्वल भी हूँ।' लेकिन वह इतने दुखी और उदास थे कि मुझे उनसे दिली हमदर्दी हुई और उनके घाव पर नमक छिड़कने का विचार ही लज्जास्पद जान पड़ा। हाँ, अब मुझे अपने ऊपर कुछ अभिमान हुआ और आत्मसम्मान भी बढ़ा। भाई साहब का वह रौब मुझ पर न रहा। आज़ादी से खेलकूद में शरीक होने लगा। दिल मज़बूत था। अगर उन्होंने फिर मेरी फ़जीहत की, तो साफ़ कह दूँगा – 'आपने अपना खून जलाकर कौन-सा तीर मार लिया। मैं तो खेलते-कूदते दरजे में अव्वल आ गया।' ज़बान से यह हेकड़ी जताने का साहस न होने पर भी मेरे रंग-ढंग से साफ़ जाहिर होता था कि भाई साहब का वह आतंक मुझ पर नहीं था।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(i) 'मेरे और उनके बीच में केवल दो साल का अंतर रह गया।' – इस कथन में किस 'अंतर' की बात कही जा रही है ?

(A) आयु

(B) कक्षा

(C) अनुभव

(D) कद-काठी

(ii) बड़े भाई को आड़े हाथों लेने का विचार छोटे भाई के मन में क्यों आया ?

(A) बड़े भाई साहब के लगातार दो बार कक्षा में फ़ेल होने के कारण

(B) बड़े भाई साहब के फ़ेल होने और स्वयं के कक्षा में प्रथम आने के कारण

(C) खेलते-कूदते हुए भी कक्षा में अव्वल आने के कारण

(D) अपने भीतर बढ़ते अभिमान और आत्मसम्मान के कारण

(iii) प्रस्तुत गद्यांश की भाषा है :

(A) तत्सम शब्दावली से युक्त

(B) लोकोक्तियों से युक्त

(C) देशज शब्दावली से युक्त

(D) मुहावरों से युक्त

(iv) वार्षिक परीक्षा परिणाम का छोटे भाई पर क्या प्रभाव पड़ा ? इस प्रश्न का उत्तर उचित विकल्प का चयन कर दीजिए :

I. अपनी ही दृष्टि में अभिमान और सम्मान बढ़ने लगा।

II. बड़े भाई को अपमानित करने की योजना बनाने लगा।

III. बड़े भाई के साथ ज्यादा समय व्यतीत करने लगा।

IV. खेल-कूद में ज्यादा समय व्यतीत करने लगा।

**विकल्प :**

(A) केवल I

(B) I और II दोनों

(C) I और IV दोनों

(D) II और III दोनों



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

(v) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़कर दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

*कथन* : बड़े भाई की फ़ज़ीहत करने का विचार लेखक को लज्जास्पद लगा।

*कारण* : वार्षिक परीक्षा में फेल होने के कारण वे दुखी और उदास थे।

**विकल्प :**

(A) कथन ग़लत है, परन्तु कारण सही है।

(B) कथन और कारण दोनों ग़लत हैं।

(C) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है।

(D) कथन सही है, परन्तु कारण, कथन की सही व्याख्या ***नहीं*** करता है।

**10.** गद्य खंड पर आधारित निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं ***तीन*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 – 30 शब्दों में लिखिए : *3×2=6*

(क) 'रूढ़ियाँ जब बंधन बनकर जीवन को बोझिल बनाने लगती हैं तब उन्हें तोड़ने के लिए लकड़ी की तलवार में भी धरती का सीना चीरने की शक्ति आ जाती है।' – 'तताँरा-वामीरो कथा' पाठ के आधार पर पुष्टि कीजिए।

(ख) 'ये वज़ीर अली आदमी है या भूत' – लेफ्टीनेंट ने वज़ीर अली के विषय में ऐसा क्यों कहा ? 'कारतूस' एकांकी के संदर्भ में लिखिए।

(ग) 'अब न सोलोमेन है, न मेरी माँ' – इस कथन के माध्यम से क्या कटाक्ष किया गया है ? 'अब कहाँ दूसरे के दुख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर लिखिए।

(घ) 'डायरी का एक पन्ना' पाठ में स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम को मनाए जाने के विषय में घर-घर जाकर क्यों समझाया जा रहा था ?

**11.** पूरक पाठ्य-पुस्तक 'संचयन' पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं ***दो*** प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 – 50 शब्दों में लिखिए : *2×3=6*

(क) 'जीवन के व्यावहारिक ज्ञान को प्राप्त करने के लिए पुस्तकीय ज्ञान से अधिक अनुभव की आवश्यकता है।' 'हरिहर काका' कहानी के आधार पर इस कथन की पुष्टि कीजिए।

(ख) 'सपनों के-से दिन' पाठ में वर्णित लेखक के ग्रीष्मावकाश व्यतीत करने के तरीकों में और आपके तरीकों में क्या अंतर है ?

(ग) 'टोपी शुक्ला' कहानी में एक छोटे बच्चे द्वारा 'अम्मी' कहे जाने पर टोपी के घरवालों की प्रतिक्रिया पर आपके क्या विचार हैं ? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

## खण्ड घ

## (रचनात्मक लेखन)

**12.** निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी ***एक*** विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए : *5*

(क) पर्वतीय यात्रा के दौरान अचानक बर्फ़बारी का होना

- पर्वतीय यात्रा का परिचय
- बर्फ़बारी का अनुभव और कठिनाई
- अविस्मरणीय स्मृति

(ख) ऑनलाइन बैंकिंग

- अभिप्राय
- घर बैठे सुविधाएँ
- प्रयोग में सावधानी

(ग) खेलों का बदलता स्वरूप

- पारंपरिक खेल
- वर्तमान समय में खेल
- लाभ-हानि

**13.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 40 शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए : *3*

(क) आपके पिताजी का तबादला किसी अन्य शहर में हो गया है इसलिए वे अपना घर किराए पर देना चाहते हैं। घर के बारे में जानकारी देते हुए समाचार-पत्र में प्रकाशित करने हेतु एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

(ख) ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से ऊर्जा (बिजली) बचाने हेतु लोगों को प्रेरित करने के लिए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए।



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**14.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लिखिए : *4*

(क) आप अमृत/अमृता हैं । आप अपनी सोसाइटी की जन-कल्याण समिति के सचिव हैं । ग्रीष्मावकाश के दौरान बच्चों के लिए सोसाइटी के तरण-ताल में नि:शुल्क तैराकी प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई है । इस विषय में सोसाइटी वालों को जानकारी देने हेतु एक सूचना तैयार कीजिए ।

**अथवा**

(ख) आपका नाम अमृत/अमृता है । आप अपने विद्यालय के विद्यार्थी परिषद के सचिव हैं । विद्यालय प्रशासन द्वारा बढ़ती प्राकृतिक आपदाओं से बचाव के लिए विद्यालय में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है । छात्रों को इस विषय में जानकारी देने हेतु एक सूचना तैयार कीजिए ।

**15.** निम्नलिखित में से किसी ***एक*** विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए : *5*

(क) आपका नाम अक्षत/अक्षिता है । आपका चयन अंतर्राष्ट्रीय अंडर-19 क्रिकेट टीम के लिए हो गया है । विदेशी टीम के साथ मैच खेलने जाने के लिए आपको दो सप्ताह के अवकाश की आवश्यकता है । अवकाश हेतु निवेदन करते हुए अपने विद्यालय के प्रधानाचार्य को एक पत्र लिखिए ।

**अथवा**

(ख) 'विदेशी शिक्षण संस्थानों में उच्च शिक्षा प्राप्त करने का मोह' – विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए किसी प्रतिष्ठित दैनिक हिंदी समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए । आपका नाम अक्षत/अक्षिता है । आप क.ख.ग. नगर दिल्ली के/की निवासी हैं ।

**16.** (क) भीषण गर्मी के चलते जिला अधिकारी (मजिस्ट्रेट) के निर्देशानुसार विद्यालय प्रशासन ने विद्यालय की कक्षाएँ आगामी एक सप्ताह ऑनलाइन चलाने का निर्णय लिया है । इस संबंध में अभिभावकों को जानकारी देने के लिए लगभग 80 शब्दों में एक ई-मेल विद्यालय की वेबसाइट पर डालने हेतु तैयार कीजिए । *5*

**अथवा**

(ख) "रोहित के पिताजी शहर के प्रसिद्ध व्यापारी थे । धनाढ्य लोगों में उनकी गिनती थी लेकिन ............" इस पंक्ति से शुरुआत करते हुए लगभग 100 शब्दों में एक लघुकथा लिखिए । *5*



Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

# अत्यंत गोपनीय-केवल आंतरिक एवं सीमित प्रयोग हेतु

## सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, 2024-25

## अंक-योजना

## हिंदी 'ब' विषय कोड—085

## प्रश्न-पत्र कोड-- 4/2/1, 4/2/2, 4/2/3

सामान्य निर्देश:-

1. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के सही और उचित आकलन के लिए उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है, जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा-प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को पढ़ और समझ लें।

2. मूल्यांकन नीति एक गोपनीय नीति है क्योंकि यह आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किए गए मूल्यांकन तथा कई अन्य पहलुओं से संबंधित है | इसका किसी भी तरह से सार्वजनिक रूप से लीक होना परीक्षा- प्रणाली के पटरी से उतरने का कारण बन सकता है और लाखों परीक्षार्थियों के जीवन और भविष्य को प्रभावित कर सकता है | इस नीति /दस्तावेज को किसी को भी साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र/वेबसाइट आदि में छापना IPC के तहत कार्यवाही को आमंत्रित कर सकता है |

3. मूल्यांकन अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह और निष्ठापूर्वक किया जाए। हालाँकि, मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए पूरे अंक दिए जाएँ।

4. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करें और आश्वस्त हों कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। परीक्षकों को बाकी उत्तर-पुस्तिकाएँ तभी दी जाएँ जब वह आश्वस्त हों कि उनके अंकन में कोई भिन्नता नहीं है।

5. परीक्षक सही उत्तर पर सही का निशान (√) लगाएँ और गलत उत्तर पर गलत का (×) । मूल्यांकन-कर्ता द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।

6. यदि किसी प्रश्न का उपभाग हो तो कृपया प्रश्नों के उपभागों के उत्तरों पर दायीं ओर अंक दिए जाएँ। बाद में इन उपभागों के अंकों का योग बायीं ओर के हाशिये में लिखकर उसे गोलाकृत कर दिया जाए। इसका अनुपालन दृढ़तापूर्वक किया जाए।

7. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो तो बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ और उन्हें गोलाकृत किया जाए। इसके अनुपालन में भी दृढ़ता बरती जाए।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

8. यदि परीक्षार्थी ने किसी प्रश्न का उत्तर दो स्थानों पर लिख दिया है और किसी को काटा नहीं है तो जिस उत्तर पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों, उस पर अंक दें और दूसरे को काट दें। यदि परीक्षार्थी ने अतिरिक्त प्रश्न/प्रश्नों का उत्तर दे दिया है तो जिन उत्तरों पर अधिक अंक प्राप्त हो रहे हों उन्हें ही स्वीकार करें और उन्हीं पर अंक दें।

9. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।

10. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0 – 80 (उदाहरण 0--80 अंक जैसा कि प्रश्न-पत्र में दिया गया है) का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे अंक देने में संकोच न करें।

11. प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना है। (विस्तृत विवरण 'स्पॉट गाइडलाइन' में दिया गया है)

12. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में की जाती रही हैं-

- उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना
- उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से अधिक अंक देना
- उत्तर में दिए गए अंकों का योग ठीक न होना
- उत्तर-पुस्तिका के अंदर दिए गए अंकों का आवरण पृष्ठ पर सही अंतरण न होना
- आवरण पृष्ठ पर प्रश्नानुसार योग करने में अशुद्धि
- योग करने में अंकों और शब्दों में अंतर होना
- उत्तर पुस्तिकाओं से ऑनलाइन अंकसूची में सही अंतरण न होना
- कुल अंकों के योग में अशुद्धि
- उत्तरों पर सही का चिह्न (√) लगाना किंतु अंक न देना

13. प्रत्येक परीक्षक यह भी सुनिश्चित करें कि सभी उत्तरों का मूल्यांकन किया जाए, शीर्षक पृष्ठ पर की गई प्रविष्टि सही हो तथा कुल अंकों को आँकड़ों और शब्दों में लिखें।

14. उम्मीदवार निर्धारित प्रसंस्करण शुल्क के भुगतान पर अनुरोध कर उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने के हकदार हैं। अतः सभी मुख्य परीक्षकों/ अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों/ परीक्षकों/ समन्वयकों को एक बार फिर से याद दिलाया जाता है कि उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मूल्यांकन योजना में दिए गए प्रत्येक उत्तर के लिए मूल्य-बिंदुओं के अनुसार मूल्यांकन किया जाए।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**Series: 2EHFG प्रश्न-पत्र कोड 4/2/1, 4/2/2, 4/2/3**

**अंक योजना**

**हिंदी 'ब'(085)**

| प्रश्न सं. | 4/2/1 | 4/2/2 | 4/2/3 | मूल्यांकन बिंदु | अंक |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **खंड - क**<br>**(अपठित बोध)** | |
| **1** | **1** | **2** | **1** | **अपठित गद्यांश** पर आधारित बहुविकल्पीय/वस्तुपरक प्रश्न : | (7) |
| | (i) | (i) | (i) | (B) सर्वोदय का संदेश | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (C) प्रत्यक्ष रूप में उपस्थित न होना | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (C) कथन और कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है। | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | • सत्य और अहिंसा के मार्ग को अपनाने की<br>• साधनों की शुद्धता से स्वतंत्रता का लक्ष्य प्राप्त करना | 1+1 |
| | (v) | (v) | (v) | • जन-धन की कम से कम हानि<br>• नैतिक मूल्यों की क्षति होने से बच जाना और विरोधी का मित्र बनना | 2 |
| **2** | **2** | **1** | **2** | **अपठित गद्यांश** पर आधारित बहुविकल्पीय/वस्तुपरक प्रश्न : | (7) |
| | (i) | (i) | (i) | (D) वैश्विक स्तर पर जलवायु में परिवर्तन होना | 1 |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (B) कथन और परिणाम दोनों सही हैं। | 1 |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (A) जल का संग्रहण | 1 |
| | (iv) | (iv) | (iv) | • पहाड़ों पर वर्ष भर जमी रहने वाली बर्फ का जल्दी पिघल जाने से नदियों में वर्षभर पानी नहीं आ पाना<br>• वर्षा का कम होना | 2 |
| | (v) | (v) | (v) | • धरती के तापमान में वृद्धि<br>• वर्षा जल का उचित संग्रहण और संरक्षण न हो पाना<br>• धरती में संचित जल का मनमाना दोहन | 2 |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | **खंड – ख**<br>**(व्यावहारिक व्याकरण)** | |
| **3** | **3** | **3** | **3** | **'पदबंध'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | (1x4 =4) |
| | (क) | - | - | क्रिया पदों के समूह के आधार पर | 1 |
| | (ख) | - | - | कुल साठ बीघे | 1 |
| | (ग) | - | - | छोटी-छोटी खिड़कियों वाला चौबारा | 1 |
| | (घ) | - | - | डूबता जा रहा था | 1 |
| | (ङ) | - | - | क्रियाविशेषण पदबंध (अव्यय), चले आने की दिशा (स्थान) का बोध | ½+½ |
| | - | (क) | - | रूखा-सूखा | 1 |
| | - | (ख) | - | सातवीं-आठवीं कक्षा के विद्यार्थी | 1 |
| | - | (ग) | - | कहते सुनते हैं | 1 |
| | - | (घ) | - | क्रिया पदों के समूह के आधार पर | 1 |
| | - | (ङ) | - | क्रिया विशेषण (अव्यय) पदबंध, चरना क्रिया की विशेषता (रीति/ढंग) | ½+½ |
| | - | - | (क) | क्रिया पदों के समूह के आधार पर | 1 |
| | - | - | (ख) | रामनामी लिखी चादर | 1 |
| | - | - | (ग) | चमकती भूरी | 1 |
| | - | - | (घ) | मारा-पीटा गया | 1 |
| | - | - | (ङ) | क्रिया विशेषण (अव्यय) पदबंध, फैलना क्रिया की विशेषता (रीति/ढंग) | ½+½ |
| **4** | **4** | **4** | **4** | **'रचना के आधार पर वाक्य भेद'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | (1x4 =4) |
| | (क) | - | - | सरल वाक्य को क्रिया के आधार पर दो या अधिक स्वतंत्र वाक्यों में विभाजित कर समुच्चयबोधक अव्यय द्वारा जोड़कर<br>उदाहरण-<br>सरल वाक्य- सूर्योदय होने पर पक्षी चहचहाने लगे।<br>विभाजन- सूर्योदय हुआ। पक्षी चहचहाने लगे।<br>संयुक्त वाक्य- सूर्योदय हुआ और पक्षी चहचहाने लगे।<br>(अन्य उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य) | ½+½ |
| | (ख) | - | - | तताँरा की व्याकुल आँखें वामीरों को ढूँढ रही थीं। | 1 |
| | (ग) | - | - | कबूतर परेशानी में थे इसलिए इधर-उधर फड़फड़ा रहे थे। | 1 |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | (घ) | - | - | चूँकि बच्चे अभी छोटे हैं इसलिए उनको खिलाने-पिलाने की जिम्मेदारी बड़े कबूतरों की है। / बच्चे जब तक छोटे हैं तब तक उनको खिलाने-पिलाने की जिम्मेदारी बड़े कबूतरों की है। | 1 |
| | (ङ) | - | - | सरल वाक्य | 1 |
| | - | (क) | - | हज़रत मुहम्मद को अजीज होने के कारण कबूतरों को मत सताया करो।/ हज़रत मुहम्मद के अजीज कबूतरों को मत सताया करो। | 1 |
| | - | (ख) | - | जैसे/ ज्यों ही रोटी का कौर तोड़ा वैसे/ त्यों ही उनकी नज़र अपनी बाजू पर पड़ी। | 1 |
| | - | (ग) | - | सरल वाक्य को क्रिया के आधार पर दो या अधिक स्वतंत्र वाक्यों में विभाजित कर समुच्चयबोधक अव्यय द्वारा जोड़कर<br>उदाहरण-<br>सरल वाक्य- सूर्योदय होने पर पक्षी चहचहाने लगे।<br>विभाजन- सूर्योदय हुआ। पक्षी चहचहाने लगे।<br>संयुक्त वाक्य- सूर्योदय हुआ और पक्षी चहचहाने लगे।<br>(अन्य उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य) | ½+½ |
| | - | (घ) | - | चींटियों ने घोड़ों के टापों की आवाज़ सुनी और वे डर गईं। | 1 |
| | - | (ङ) | - | संयुक्त वाक्य | 1 |
| | - | - | (क) | सरल वाक्य | 1 |
| | - | - | (ख) | शैलेन्द्र के निजी जीवन की जो छाप है, वही उनकी फ़िल्म में झलकती है। | 1 |
| | - | - | (ग) | उसने तलवार को अपनी तरफ खींचा और वह दूर तक पहुँच गया। | 1 |
| | - | - | (घ) | सरल वाक्य को क्रिया के आधार पर दो या अधिक स्वतंत्र वाक्यों में विभाजित कर समुच्चयबोधक अव्यय द्वारा जोड़कर<br>उदाहरण-<br>सरल वाक्य- सूर्योदय होने पर पक्षी चहचहाने लगे।<br>विभाजन- सूर्योदय हुआ। पक्षी चहचहाने लगे।<br>संयुक्त वाक्य- सूर्योदय हुआ और पक्षी चहचहाने लगे।<br>(अन्य उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य) | ½+½ |
| | - | - | (ङ) | लोगों द्वारा स्मरण करते ही तताँरा भागा-भागा पहुँच जाता। | 1 |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **5** | **5** | **5** | **5** | **'समास'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | (1x4 =4) |
| | (क) | - | - | प्रथम पद अव्यय होता है और समस्त पद अव्यय का कार्य करता है। जैसे प्रतिदिन, आजीवन (अन्य उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य) | ½+½ |
| | (ख) | - | - | पशुप्रवृत्ति- तत्पुरुष समास | ½+½ |
| | (ग) | - | - | दो पहरों का समूह/समाहार- द्विगु समास | ½+½ |
| | (घ) | - | - | द्वंद्व समास - दोनों पद प्रधान | ½+½ |
| | (ङ) | - | - | बहुब्रीहि समास में पूर्व और उत्तर पद प्रधान न होकर अन्य पद प्रधान होता है जबकि कर्मधारय समास में उत्तर पद प्रधान होने के साथ दोनों पदों में विशेषण- विशेष्य या उपमान-उपमेय का संबंध होता है। | ½+½ |
| | - | (क) | - | शरीरचर्म- तत्पुरुष समास | ½+½ |
| | - | (ख) | - | प्रथम पद अव्यय होता है और समस्त पद अव्यय का कार्य करता है। जैसे प्रतिदिन, आजीवन (अन्य उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य) | ½+½ |
| | - | (ग) | - | सात दिनों का समूह - द्विगु समास | ½+½ |
| | - | (घ) | - | द्वंद्व समास –दोनों पद प्रधान | ½+½ |
| | - | (ङ) | - | तत्पुरुष समास में उत्तर पद (दूसरा पद) प्रधान होता है। राजकुमार, प्रयोगशाला (अन्य उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य) | ½+½ |
| | - | - | (क) | वाल्मीकिकृत- तत्पुरुष समास | ½+½ |
| | - | - | (ख) | पाँच आबों (नदियों) का समूह– द्विगु समास | ½+½ |
| | - | - | (ग) | द्वंद्व समास –दोनों पद प्रधान | ½+½ |
| | - | - | (घ) | कर्मधारय समास में उत्तर पद प्रधान होने के साथ दोनों पदों में परस्पर विशेषण-विशेष्य या उपमान-उपमेय का संबंध, उदाहरण – श्वेतकमल, क्रोधाग्नि (अन्य उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य) | ½+½ |
| | - | - | (ङ) | प्रथम पद अव्यय होता है और समस्त पद अव्यय का कार्य करता है। जैसे प्रतिदिन, आजीवन (अन्य उपयुक्त उदाहरण स्वीकार्य) | ½+½ |
| **6** | **6** | **6** | **6** | **'मुहावरे'** पर आधारित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर अपेक्षित : | (1x4 =4) |
| | (क) | - | - | हँसी-खेल होना, उचित वाक्य प्रयोग | ½+½ |
| | (ख) | - | - | तराजू पर तौलना/कसौटी पर कसना (अन्य उपयुक्त मुहावरे भी स्वीकार्य) | 1 |
| | (ग) | - | - | उचित वाक्य प्रयोग | 1 |
| | (घ) | - | - | आसमान सिर पर उठा | 1 |
| | (ङ) | - | - | दिन-रात एक करना / आकाश पाताल एक करना (अन्य उपयुक्त मुहावरे भी स्वीकार्य) | 1 |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | - | (क) | - | आँखें फोड़ना, उचित वाक्य प्रयोग | ½+½ |
| | - | (ख) | - | दो से चार बनाना | 1 |
| | - | (ग) | - | उचित वाक्य प्रयोग | 1 |
| | - | (घ) | - | आँखों में धूल झोंकना | 1 |
| | - | (ङ) | - | दिन-रात एक करना / आकाश पाताल एक करना (अन्य उपयुक्त मुहावरे भी स्वीकार्य) | 1 |
| | - | - | (क) | अंधा चोट निशाना पड़ना, उचित वाक्य प्रयोग | ½+½ |
| | - | - | (ख) | तिल का ताड़ बनाना /राई का पहाड़ बनाना | 1 |
| | - | - | (ग) | उचित वाक्य प्रयोग | 1 |
| | - | - | (घ) | नाक में दम करना | 1 |
| | - | - | (ङ) | दिन-रात एक करना / आकाश पाताल एक करना (अन्य उपयुक्त मुहावरे भी स्वीकार्य) | 1 |
| | | | | **खंड – ग**<br>**(पाठ्य-पुस्तक)** | |
| **7** | **7** | 7 | 9 | **'पठित गद्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : | 1 **x** 5<br>= **5** |
| | (i) | (i) | (i) | (B) कक्षा | |
| | (ii) | (ii) | (ii) | (B) बड़े भाई साहब के फेल होने और स्वयं के कक्षा में प्रथम आने के कारण | |
| | (iii) | (iii) | (iii) | (D) मुहावरों से युक्त | |
| | (iv) | (iv) | (iv) | (C) (i) और (iv) दोनों | |
| | (v) | (v) | (v) | (C) कथन सही है और कारण, कथन की सही व्याख्या करता है। | |
| **8** | **8** | 8 | 10 | **'गद्य खंड'** पर आधारित किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर (लगभग 25-30 शब्दों में ) – | **(2 x 3 = 6)** |
| | (क) | - | - | • स्वतंत्रता दिवस की वर्षगाँठ मनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी को सुनिश्चित करना<br>• अंग्रेजी सरकार को अपनी एकजुटता का प्रमाण देना<br>• बंगाल पर आंदोलन में कम भागीदारी के लगे कलंक को मिटाना | 2 |
| | (ख) | - | - | • क्रोध सबके लिए हानिकारक<br>• तताँरा और वामीरो का बिछड़ना<br>• द्वीप का दो भागों में विभक्त होना | 2 |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | (ग) | - | - | • अंग्रेजों की आँखों में धूल झोंककर गायब हो जाना<br>• अंग्रेजों के अथक परिश्रम के बावजूद वज़ीर अली को न पकड़ पाना | 2 |
| | (घ) | - | - | • इस फिल्म की संवेदना को समझना धन कमाने की इच्छा रखने वाले वितरकों की समझ से बाहर<br>• यह फ़िल्म लोकप्रियता के प्रचलित फार्मूले से परे<br>• फ़िल्म का प्रचार-प्रसार न होना | 1+1 |
| | - | (क) | - | • हाँ, पशु पर्व जैसे मेले आज भी आयोजित, इनमें पशुओं की खरीद-बिक्री भी, जैसे - पुष्कर का पशु मेला, सोनपुर (हरिहर क्षेत्र) का पशुमेला आदि<br>• मनोरंजन के लिए अन्य अवसरों पर भी मेलों का आयोजन<br>• मेलों का भी आधुनिकीकरण | 2 |
| | - | (ख) | - | • स्वतंत्रता दिवस की वर्षगाँठ मनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी को सुनिश्चित करना<br>• अंग्रेजी सरकार को अपनी एकजुटता का प्रमाण देना<br>• बंगाल पर आंदोलन में कम भागीदारी के लगे कलंक को मिटाना | 2 |
| | - | (ग) | - | • जीव-जंतुओं के प्राकृतिक आवास के नष्ट होने के कारण यहाँ-वहाँ डेरा डालना<br>• अनेक जीव-जंतुओं की प्रजातियाँ लुप्त हो रही हैं या लुप्त होने के कगार पर (जैसे- गौरैया) | 2 |
| | - | (घ) | - | • अंग्रेजों की आँखों में धूल झोंककर गायब हो जाना<br>• अंग्रेजों के अथक परिश्रम के बावजूद वज़ीर अली को न पकड़ पाना | 2 |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | - | - | (क) | ● रूढ़ियाँ, अन्याय या अत्याचार सीमा से अधिक हो जाने पर पीड़ित व्यक्ति में विद्रोह की भावना<br>● दृढ़ इच्छाशक्ति से ही साहस और पौरुष का बढ़ना तथा सामान्य साधनों से भी परिवर्तन संभव | 2 |
| | - | - | (ख) | ● अंग्रेजों की आँखों में धूल झोंककर गायब हो जाना<br>● अंग्रेजों के अथक परिश्रम के बावजूद वज़ीर अली को न पकड़ पाना | 2 |
| | - | - | (ग) | ● जीव-जंतुओं के प्रति दया-सहानुभूति रखने वाले लोगों की संख्या कम<br>● लोगों का संवेदनहीन होना, पशु-पक्षियों का आशियाना छीनना तथा उन्हें बेघर करना | 2 |
| | - | - | (घ) | ● स्वतंत्रता दिवस की वर्षगाँठ मनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी को सुनिश्चित करना<br>● अंग्रेजी सरकार को अपनी एकजुटता का प्रमाण देना<br>● बंगाल पर आंदोलन में कम भागीदारी के लगे कलंक को मिटाना | 2 |
| **9** | **9**<br>(i)<br>(ii)<br>(iii)<br>(iv)<br>(v) | 9<br>(i)<br>(ii)<br>(iii)<br>(iv)<br>(v) | 7<br>(i)<br>(ii)<br>(iii)<br>(iv)<br>(v) | **'पठित काव्यांश'** पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर :<br>(B) उनका आभार प्रकट करने के लिए<br>(C) झरनों की<br>(A) आकाश की ऊँचाई को<br>(C) (I) और (II) दोनों<br>(D) निर्लिप्त | 1 **x** 5<br>= **5** |
| **10** | **10** | 10 | 8 | **'काव्य खंड'** पर आधारित किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर (लगभग 25-30 शब्दों में ) – | (2x3 =6) |
| | (क) | - | - | ● श्री कृष्ण का सान्निध्य पाने के लिए कोई भी कार्य करने को तत्पर<br>● दर्शन, सुमिरन, भक्ति का लाभ पाने के लिए | 2 |
| | (ख) | - | - | क्या-<br>केवल अपने स्वार्थ के विषय में सोचना<br>क्यों-<br>पशुप्रवृत्ति, मनुष्य की उदारता एवं परोपकार जैसे आदर्शों के विपरीत | 1+1 |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | (ग) | - | - | • अपने समय में बहुत ताकतवर<br>• उसने अनेक सूरमाओं को मौत के घाट उतारा | 2 |
| | (घ) | - | - | किसमें-<br>• देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने में<br>क्यों-<br>• देश प्रेम और बलिदानी परंपरा के कारण | 1+1 |
| | - | (क) | - | • समाज में परिवर्तन के लिए स्वयं में सुधार का उदाहरण प्रस्तुत करना<br>• स्वार्थ भाव से मुक्त लोग ही सामाजिक परिवर्तन में सहभागी | 2 |
| | - | (ख) | - | किसमें-<br>• देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने में<br>क्यों-<br>• देश प्रेम और बलिदानी परंपरा के कारण | 1+1 |
| | - | (ग) | - | • शरीर नश्वर, आत्मा शाश्वत<br>• शरीर की चिंता छोड़ अपना जीवन परोपकार में<br>• स्वार्थपरता की भावना को त्यागकर परमार्थ के लिए जीवन उत्सर्ग | 2 |
| | - | (घ) | - | • श्री कृष्ण का सान्निध्य पाने के लिए कोई भी कार्य करने को तत्पर<br>• दर्शन, सुमिरन, भक्ति का लाभ पाने के लिए | 2 |
| | - | - | (क) | • मीठी वाणी का प्रभाव सर्वत्र<br>• कहने वाले और सुनने वाले दोनों का तन-मन शीतल | 2 |
| | - | - | (ख) | • श्री कृष्ण का सान्निध्य पाने के लिए कोई भी कार्य करने को तत्पर<br>• दर्शन, सुमिरन, भक्ति का लाभ पाने के लिए | 2 |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | - | - | (ग) | • दूसरों के प्रति सहानुभूति और करुणा का भाव<br>• गौतम बुद्ध की विनम्रता के कारण लोगों के हृदय से विरोध भाव की समाप्ति तथा उनका लोकप्रिय होना | 2 |
| | - | - | (घ) | किसमें-<br>• देश की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने में<br>क्यों-<br>• देश प्रेम और बलिदानी परंपरा के कारण | 1+1 |
| **11** | **11** | **11** | 11 | पूरक पाठ्य पुस्तक पर आधारित किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40 – 50** शब्दों में अपेक्षित - | (3x2 =6) |
| | (क) | (क) | (क) | • अनपढ़ होते हुए भी व्यावहारिक समझ<br>• अपने आस-पास की घटनाओं से सीख जैसे- रमेसर की विधवा का उदाहरण<br>• महंत या भाइयों के बहकावे में न आते हुए जीते-जी अपनी ज़मीन किसी और के नाम न लिखने का निर्णय लेना | 3 |
| | (ख) | (ख) | (ख) | (विद्यार्थियों की समझ तथा उपयुक्त तर्क पर आधारित मुक्त उत्तर)<br>• रिश्तेदारों के घर जाने में<br>• गृहकार्य करने के<br>• खेलकूद के तरीकों में आदि | 3 |
| | (ग) | (ग) | (ग) | (विद्यार्थियों की समझ तथा उपयुक्त तर्क पर आधारित मुक्त उत्तर) | **3** |
| | | | | **खंड – घ**<br>**(रचनात्मक लेखन)** | |
| 12 | 12 | 13 | 12 | किसी **एक** विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लेखन :<br>• विषय-वस्तु – 3 अंक<br>• भाषा – 1 अंक<br>• प्रस्तुति – 1 अंक | 5 **x** 1 **= 5** |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 13 | 13 | 16 | 15 | किसी **एक** विषय पर लगभग 100 शब्दों में औपचारिक पत्र लेखन:<br>● आरंभ व अंत की औपचारिकताएँ – 1 अंक<br>● विषय-वस्तु – 3 अंक<br>● भाषा – 1 अंक | 5 **x** 1<br>= **5** |
| **14** | **14** | **15** | **14** | किसी **एक** विषय पर लगभग 60 शब्दों में सूचना लेखन:<br>● विषय-वस्तु – 2 अंक<br>● प्रस्तुति – 1 अंक<br>● भाषा – 1 अंक | 4 **x** 1<br>= **4** |
| **15** | **15** | **14** | **13** | किसी **एक** विषय पर लगभग 40 शब्दों में विज्ञापन :<br>● विषय-वस्तु – 1 अंक<br>● प्रस्तुति – 1 अंक<br>● भाषा – 1 अंक | 3 **x** 1<br>= **3** |
| **16** | **16** | **12** | **16** | ई-मेल लेखन **अथवा** लघुकथा लेखन :<br><br>ई-मेल लेखन (लगभग 80 शब्दों में ) -<br>● औपचारिकताएँ – 1 अंक<br>● विषय-वस्तु – 2 अंक<br>● प्रस्तुति – 1 अंक<br>● भाषा – 1 अंक<br>**अथवा**<br><br>लघुकथा लेखन (लगभग 100 शब्दों में) –<br>● विषय-वस्तु – 3 अंक<br>● भाषा – 1 अंक<br>● प्रभाव – 1 अंक | 5 **x** 1<br>= **5** |

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in